एनएफएसए के लाभार्थियों को दो माह का गेहूं निःशुल्क वितरण किया जायेगा

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
P.7-23-3-2020.docx (http://103.203.138.54/news/195377/document/P.7-23-3-2020.docx)

DESCRIPTION

एनएफएसए के लाभार्थियों को दो माह का गेहूं निःशुल्क वितरण किया जायेगा

जयपुर, 23 मार्च। प्रदेश में कोविड-19 वायरस से उत्पन्न विकट परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थी परिवारों को दो माह अप्रेल एवं मई का निःशुल्क गेहूं वितरण किया जायेगा।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री रमेश चन्द मीना ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थी परिवार जिनको एक रुपये एवं दो रुपये प्रति किलो गेहूं मिलता है, उन्हें अप्रेल एवं मई माह का गेहूं निःशुल्क प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस पर होने वाला व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।

SUPPORTING IMAGES